**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 17.06.2026**

**स्वाट/सर्विलांस टीम ट्रांसहिण्डन जोन व थाना खोड़ा पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित 01 अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया गया।**

**कार्यवाही का विवरण:** दिनांक 16.06.2026 को थाना खोड़ा पर वादी ने लिखित तहरीर दी और बताया कि उसकी बेटी की शादी जौनी पुत्र प्रेमचन्द नि0 बारादरी थाना कोतवाली गाजियाबाद के साथ करीब 01 वर्ष पहले तय हुई थी किसी कारण वश रिश्ता कैंसिल हो गया था और 6-7 महीने पहले सब बात समाप्त हो गयी थी। दिनांक 16.06.26 समय 04.30 दिन जौनी उनके घर मौहल्ला आदर्श नगर खोड़ा आया और उसकी दोनो बेटियों को जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर फायर करके घायल कर दिया। घायल बेटियों का ईलाज लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल दिल्ली में चल रहा है। प्राप्त तहरीर के आधार थाना खोड़ा पर धारा 109(1) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा सर्विलांस व मैनुअल इनपुट के आधार पर अभियुक्त जौनी पुत्र प्रेमचन्द नि0 नेहरू नगर सेंकेन्ड ई ब्लाक बारादरी थाना सिहानी गेट उम्र करीब 33 वर्ष को आदर्श नगर खोडा से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी शादी 01 वर्ष पहले वादी की पुत्री से तय हुई थी किन्तु वादी पक्ष द्वारा बिना किसी सही कारण के शादी कैंसिल कर दी गयी जिससे मैं काफी आहत हुआ और परेशान था। इसी कारण मैंने पिस्टल से फायर करके दोनों लड़कियों को मारने का प्रयास किया। मैने आक्रोश में आकर फायर किया था गलती हो गयी माफ कर दो।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-**

- जौनी पुत्र प्रेमचन्द नि0 नेहरू नगर सेंकेन्ड ई ब्लाक बारादरी थाना सिहानी गेट गाजियाबाद उम्र करीब 33 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण:-**

- घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-**

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना खोड़ा पर उक्त सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

स्वाट/सर्विलांस टीम ट्रांसहिण्डन जोन एवं थाना खोड़ा पुलिस टीम।

**थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार तथा 01 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद।**

दिनांक 31.01.2025 को थाना अंकुर विहार पर वादिया द्वारा तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादिया की के0टी0एम0 बाइक चोरी कर ले जाना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अंकुर विहार पर तत्काल सुसंगत धारा 303(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 17.06.2026 को थाना अंकुर विहार पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त मौ0 अब्बास पुत्र इलयाज निवासी अल्वी नगर थाना अंकुर विहार गाजियाबाद, उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, जिनके कब्जे से चोरी की गयी के0टी0एम0 बाइक बरामद हुई। उक्त बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2)/317(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त तथा बाल अपचारी ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साइकिल हम दोनों ने मिलकर करीब डेढ़ वर्ष पहले डीएलएफ अंकुर विहार में एक फ्लैट की पार्किंग से चोरी की थी जिसे हमने अभी तक छिपा रखा था। आज हम दोनों इस मोटर साइकिल को बेचने की फिराक में जा रहे थे कि पुलिस चेकिंग में पकड़े गये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

मौ0 अब्बास पुत्र इलयाज निवासी अल्वी नगर थाना अंकुर विहार गाजियाबाद, उम्र करीब 19 वर्ष।

01 बाल अपचारी (पुलिस अभिरक्षा में)

**बरामदगी का विवरण-**

डीएलएफ थाना अंकुर विहार से चोरी की 01 के0टी0एम0 बाइक बरामद।

**आपराधिक इतिहास/ पंजीकृत अभियोग-**

उपरोक्त मोटर साइकिल चोरी के संबंध में थाना अंकुर विहार पर 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना अंकुर विहार पुलिस टीम।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा समस्त थानों पर 'वादी संवाद दिवस' आयोजित किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाजियाबाद में **वादी संवाद नीति** लागू की गई है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक बुधवार को सभी थानों पर **वादी संवाद दिवस** आयोजित किया जाता है। जिसके क्रम में आज दिनांक **17.06.2026** दिन **बुधवार** को कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त थानों पर पूर्व की तरह **वादी संवाद दिवस** आयोजित किया गया।

वादी संवाद दिवस का उद्देश्य वादियों और पुलिस के बीच सार्थक संवाद स्थापित कर पारदर्शिता, विश्वास एवं शीघ्र न्याय की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करना है। जिसके क्रम में विवेचनाधीन अभियोगों

(एफ0आई0आर0/एन0सी0आर0) तथा गुमशुदगी से सम्बन्धित वादी को थाने पर आमंत्रित कर सम्बन्धित विवेचकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए विवेचना की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति से अवगत कराते हुए वादियों के सभी प्रश्नों का उचित, तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर देते हुए संतुष्ट किया गया।

**आज दिनांक 17.06.2026 को आयोजित किये गए वादी संवाद दिवस का जोन वार विवरण निम्न प्रकार है-**

| क्र.सं. | जोन | संवाद हेतु थानों पर उपस्थित आये वादियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | नगर | 86 |
| 2. | ट्रांस हिण्डन | 87 |
| 3. | ग्रामीण | 80 |
| **कुल कमिश्नरेट गाजियाबाद** | | **253** |

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में **वादी संवाद दिवस** गाजियाबाद पुलिस की एक जन सरोकार आधारित पहल है इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक वादी को अपने प्रकरण की सही जानकारी समय पर मिले एवं उन्हें न्याय की प्रक्रिया पर विश्वास और संतोष प्राप्त हो। यह नई पहल पुलिस व जनता के बीच आपसी सहयोग एवं विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी। कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा जनकेन्द्रित पुलिसिंग के दृष्टिगत भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचार जारी रहेंगे।

थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में लूट की घटना कारित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार। कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, 01 मोबाइल फोन, 01 ऑटो रिक्शा व 700/- रूपये नकद बरामद।

**गिरफ्तारी/ पुलिस मुठभेड़ का विवरण**

थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से मेरठ की तरफ उतरने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर ने बताया कि लूट की घटना कारित करने वाला अभियुक्त अपने साथियों के साथ नवीपुर बम्बा पेरिफेरल अण्डरपास के पास किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में आने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम दुहाई से नवीपुर बम्बा पेरिफेरल एक्सप्रेसवे अण्डरपास के नीचे चेकिंग करने लगे तभी नवीपुर की तरफ से एक ऑटो रिक्शा आता दिखाई दिया पुलिस टीम द्वारा चेकिंग हेतु ऑटो रिक्शा को टोर्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया तो ऑटो रिक्शा सवार व्यक्ति ऑटो रिक्शा को न रोकते हुए पिछली दिशा में मोडकर भागने का प्रयास करने लगा जिससे वो बम्बे के पास फस गया अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देख पुलिस पार्टी के ऊपर जान से मारने की नीयत से

तमंचा निकालकर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ अपने बचाव में फायर किया जिसमें उक्त व्यक्ति के पैर में गोली लग गयी। पुलिस टीम ने आवश्यक बल प्रयोग करके उस व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया। पकड़े जाने पर नाम पता पूछा तो घायल व्यक्ति ने अपना नाम करन पुत्र सूरजपाल नि0 गली नं0 18 फेज 10 शिव विहार थाना करावल नगर दिल्ली उम्र- 24 वर्ष बताया जिसके 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, 01 मोबाइल फोन, 01 ऑटो रिक्शा व 700/- रूपये नकद बरामद हुए। घायल बदमाश को अस्पताल भेज दिया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मैंने अपने साथियों पुनित शर्मा , जतिन मित्तल व अनुराग गुप्ता के साथ मिलकर ऑटो रिक्शा में एक व्यक्ति को मेरठ मोड से बिठाकर 02 फोन व 5600 रुपये की लूट की थी जो हमने लूट के बाद दुहाई पेरिफेरल के आगे सुन सान जगह छोड दिया था तथा मिले रुपये को हमने आपस में बांट लिया था तथा लूटे गये एक फोन को पुनित शर्मा को दे दिया था तथा दूसरा फोन मैंने अपने पास रख लिया था। मुझसे जो पैसे व फोन बरामद हुए हैं वह उस लूट से सम्बन्धित है। तथा यह वही ऑटो है जिससे हमने लूट की घटना की थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

करन पुत्र सूरजपाल नि0 गली नं0 18 फेज 10 शिव विहार थाना करावल नगर दिल्ली उम्र- 24 वर्ष (मुठभेड में घायल अवस्था में गिरफ्तार)

**बरामदगी का विवरण -**

कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, 01 मोबाइल फोन, 01 ऑटो रिक्शा व 700/- रूपये नकद बरामद।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।